सुविधा. कंसल्टेंट इसी माह सौंपेंगे प्रारंभिक रिपोर्ट, खर्च होंगे 7561 करोड़

# कोईलवर व मोकामा तक गंगापथ के विस्तार के लिए अगले माह होगा टेंडर

- जेपी गंगापथ का सात पुलों से कनेक्टिविटी होने से उत्तर व दक्षिण बिहार आवागमन में होगी सहूलियत

**प्रमोद झा,पटना**

**जेपी** गंगापथ का दीघा से कोईलवर के वीर कुंवर सिंह सेतु तक और दीदारगंज से मोकामा तक विस्तार करने को मंजूरी मिलने के बाद से इसके निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेज हो गयी है. इसके के निर्माण को लेकर चयनित कंसल्टेंट द्वारा प्रिलिमिनरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट (पीपीआर) इस माह के अंत तक सौंपी जायेगी, जिसके आधार पर डीपीआर बनाने के साथ टेंडर निकालने का काम अगले माह होगा. दीघा से कोईलवर तक और दीदारगंज से अथमलगोला तक जेपी गंगापथ का निर्माण कार्य बिहार राज्य पथ विकास निगम की देखरेख में होगा, जबकि अथमलगोला से मोकामा तक इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग की देखरेख में होगा. इस पर लगभग 7000 करोड़ रुपये खर्च होंगे. सीएम की पटना जिले की 21 फरवरी को प्रगति यात्रा के दौरान जेपी गंगापथ के विस्तार की घोषणा की गयी थी. इसके बाद 25 फरवरी को प्रोजेक्ट को प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी. निर्माण के कार्य में तेजी लाने की प्रक्रिया को लेकर पथ निर्माण मंत्री ने समीक्षा की.

## एलिवेटेड रोड के साथ बांध पर बनेगी सड़क

जानकारों के अनुसार दीघा से शेरपुर होते हुए कोईलवर तक लगभग 36 किलोमीटर में एलिवेटेड रोड के साथ बांध पर सड़क बनेगी. इसके तहत दीघा से शेरपुर के बीच एलिवेटेड रोड का निर्माण होगा. इसकी लंबाई लगभग 12.5 किलोमीटर है. शेरपुर से कोईलवर पुल के बीच लगभग 23 किलोमीटर में साढ़े चार किलोमीटर एलिवेटेड रोड व 18.5 किलोमीटर बांध पर सड़क होगा. सूत्र ने बताया कोईलवर तक नयी सड़क बनने से कोईलवर में सोन नदी पर बने छह लेन पुल से होकर लोग आरा पहुंच जायेंगे. वीर कुंवर सिंह सेतु से जोड़ने को लेकर शेरपुर से आगे सोन नदी पर नये पुल का निर्माण किया जायेगा. पटना के पूरब में दीदारगंज से मोकामा तक सड़क निर्माण होगा.

## पटना व आसपास में जाम से मिलेगी निजात

कोईलवर से मोकामा तक जेपी गंगापथ का सोन व गंगा नदी पर बने सात पुलों से कनेक्टिविटी रहेगी. इससे पटना और आसपास के क्षेत्रों में यातायात बेहतर होने के साथ जाम की समस्या से निजात मिलेगी. इससे उत्तर बिहार व दक्षिण बिहार के बीच लोगों का आवागमन आसान होने के साथ समय की बचत होगी.



पटना में बना जेपी गंगापथ.

## इन सात पुलों से होगी कनेक्टिविटी

- कोईलवर पुल
- शेरपुर-दिघवारा पुल (निर्माणाधीन)
- जेपी सेतु
- महात्मा गांधी सेतु
- कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल (निर्माणाधीन)
- बख्तियारपुर-ताजपुर सेतु (निर्माणाधीन)
- राजेंद्र सेतु

## उत्तर व दक्षिण बिहार आने-जाने में सहूलियत



जेपी गंगापथ के विस्तार को लेकर प्रक्रिया तेजी से हो रहा है. प्राइमरी रिपोर्ट इस माह मिलने पर अगले माह टेंडर निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी. जेपी गंगापथ का विस्तार होने से सात पुलों से कनेक्टिविटी होने से उत्तर व दक्षिण बिहार आने-जाने में सहूलियत बढ़ेगी.

**नितिन नवीन,** पथ निर्माण मंत्री